# सुभाष यादव की पुण्यतिथि पर नागरिक बैंक द्वारा भोजन वितरण

नागरिक बैंक विदिशा के प्रेरणा स्त्रोत एवं पारिवारिक सदस्य, सहकारिता पुरूष, प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व श्री सुभाष यादव जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नागरिक सहकारी बैंक परिवार द्वारा मानव सेवा न्यास मे एक दिन की भोजन व्यवस्था कराई गई । प्रातः 11.00 बजे समस्त बैंक परिवार कच्छी धर्मशाला पहुॅचा जहां विदिशा सेवा संस्थान के तत्वाधान में लोगों को भोजन कराया । इस अवसर पर नागरिक बैंक के संस्थापक अध्यक्ष श्री महेन्द्र यादव, अध्यक्ष श्री अवधेश सिंह यादव, नागरिक बैंक के मु0का0अ0 जितेन्द्र जैन, लेखापाल देवेन्द्र राव भोसले, सहायक प्रबंधक रजनीश यादव, प्रशांत करहीवाले, ओम प्रकाश शर्मा, योगेश सिसौदिया, आकाश यादव, राजा एवं राजकुमार यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे ।